# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:..........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (11.07.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 11.07.2025, PAGE-08

# दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए 25 जुलाई तक आवेदन

- ऑफलाइन और ऑनलाइन की अभ्यर्थियों को मिलेगी सुविधा
- स्नातक के छात्रों को सम्मानित करने पर नहीं हो सका निर्णय

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए 25 जुलाई तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसमें ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन की सुविधा भी उन्हें मिलेगी। विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारी की गुरुवार को कुलपति ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की, जिसमें यह निर्णय लिया गया।

कुलपति ने कहा कि पांच साल बाद दीक्षांत समारोह हो रहा है। इसमें दो सत्र के अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कई अभ्यर्थी ऐसे होंगे, जो सूबे से बाहर होंगे। इन अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दी गई है। दो-तीन दिनों में आवेदन की प्रक्रिया जारी कर दी जाएगी। समारोह में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों से दो हजार रुपये शुल्क लेने पर भी विचार किया जा रहा है। अभ्यर्थियों के आए आवेदन से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन से लोग दीक्षांत समारोह में आ पाएंगे। बैठक में स्नातक के छात्रों को समारोह में सम्मानित करने पर निर्णय नहीं लिया जा सका। छात्रों की मांग है कि स्नातक के छात्रों को भी इसमें सम्मानित किया जाए। विवि अधिकारियों ने कहा कि अगली बैठक में इसपर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में दीक्षांत समारोह में अभ्यर्थियों को दिए जाने वाले मेडल के साइज से लेकर वजन पर भी चर्चा हुई। अबतक के निर्णय के अनुसार पीजी और पीएचडी के अभ्यर्थियों को ही गोल्ड मेडल देने की तैयारी है। अधिकारियों ने कहा कि समारोह डेढ़ से दो घंटे का ही होगा।



दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर बैठक करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय व अन्य।

### सीजीपीए रिजल्ट को लेकर भी बनी है उलझन

बैठक में टॉपर्स चयन पर भी उलझन बनी रही। अधिकारियों का कहना कि सीजीपीए रिजल्ट के आधार पर अब रिजल्ट दिया जाता है। इसमें टॉपर्स के चयन को लेकर अलग-अलग स्तर पर समस्या सामने आ रही है। इसपर भी अधिकारियों ने विचार विमर्श किया। बैठक में अध्यक्षता से लेकर सिटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 11.07.2025, PAGE-04


# दीक्षा समारोह में रजिस्ट्रेशन के लिए दो हजार शुल्क, 25 तक अंतिम तिथि



दीक्षा समारोह को लेकर बैठक करते कुलपति • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्ष बाद हो रहे दीक्षा समारोह में रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र-छात्राओं को दो हजार रुपये का शुल्क लगेगा। इसके लिए आनलाइन या आफलाइन दोनों मोड में ही अपना रजिस्ट्रेशन कराने की सुविधा मिलेगी। 25 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन का फार्मेट तैयार कर इसे जारी किया जाएगा। यह निर्णय गुरुवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में दीक्षा समारोह की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुआ।

प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने बताया कि कुलपति की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें टापरों को मेडल समेत ड्रेस समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। आयोजन को लेकर आधा दर्जन से अधिक समितियों का गठन होगा। इसके लिए सभी समिति के संयोजक बनाए गए हैं। साथ ही उसमें अन्य सदस्य को शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को विश्वविद्यालय में दीक्षा समारोह का आयोजन होना है। इसमें पीजी के दो सत्रों के टापरों को मेडल दिया जाएगा। अब तक स्नातक के सत्र 2021-24 के टापरों को मेडल दिए जाने पर निर्णय नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि स्टैच्युट के प्राविधान के अनुसार जल्द ही इस पर निर्णय होगा। बताया जा रहा है कि स्नातक के टापरों को मेडल दिए जाने की संभावना कम है। वैसे अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन को ही लेना है।